p>

Title:Need to provide adequate compensation to farmers who lost their crops due to adverse weather conditions in Banda and Chitrakoot districts in Uttar Pradesh- Laid

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): देशभर के कई राज्यों खासकर उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जनपद- बांदा एवं चित्रकूट में बे-मौसम वर्षा एवं ओलावृष्टि के कारण किसानों की रबी फसलें जैसे- चना, मसूर, सरसों, अरहर, जौ एवं गेहूँ आदि फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गयी हैं । किसानों के लिए यह संकट की घड़ी है ।

अतः मैं भारत सरकार से मांग करता हूँ कि किसानों को फसल का उचित मुआवजा मिले, सरकार तत्काल केन्द्रीय दल से फसलों के हुए नुकसान का आकलन कर किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करे ।